7 विक्रय केन्द्र हेतु प्रस्तावित जगह	:	.....
8 लाइसेंस जारी करने का वर्ष	:	.....
9 प्रस्तावित दुकान की स्कूल से दूरी/दूसरी तम्बाकू की दुकान से दूरी।	:	.....

नियम एवं शर्तें :–

1. तम्बाकू वेण्डर लाईसेंसिंग के लिए योग्यता :–

(1) वह भारत का नागरिक हो।

(2) आवेदनकर्ता की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है।

(3) दुकानदार के नाम का आधार कार्ड अनिवार्य है, मुरादाबाद से बाहर का आधार कार्ड होने की स्थिति में स्थानीय पार्षद से सत्यापन आवश्यक होगा।

(4) आवेदनकर्ता की तम्बाकू की दुकान की दुकान से व किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 मी0 की परिधि में नही होनी चाहिए।

(5) आवेदनकर्ता स्थायी एवं स्ट्रीट वेण्डिग नीति के अन्तर्गत अस्थायी/गुमटी/दुकानदार भी हो सकता है। उक्त के अतिरिक्त नगर निगम सीमा के अन्तर्गत स्ट्रीट वेण्डिंग नीति के अन्तर्गत अस्थायी दुकान हो सकती है।

—:: घोषणा ::—

मै, ... पुत्र ..... घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गयी सभी जानकारियां सत्य है और इसमें कुछ भी छुपाया नहीं गया है।

दिनांक : .....

स्थान : .....

प्रार्थी का हस्ताक्षर

.....

प्रार्थी का पता

.....

मोबाईल नम्बर

नगर निगम, मुरादाबाद

खुदरा तम्बाकू विक्रय केन्द्र के लाइसेंस नवीनीकरण हेतु आवेदन

सेवा में,

नगर आयुक्त,
नगर निगम, मुरादाबाद।

प्रार्थी ..... पिता/पति का नाम ..... निवासी ....., उपरोक्त पिछले एक वर्ष से खुदरा तम्बाकू विक्रय केन्द्र लाईसेंस नम्बर ..... स्थान ..... पर सफलता पूर्वक चला रहा है और इस अवधि में उसके विरूद्व न कोई शिकायत की गयी न ही आवेदक ने तम्बाकू से सम्बंधित किसी भी नियम/कानून का उल्लंघन किया है।

अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि प्रार्थी के लाईसेंस नम्बर ..... को अगले एक वर्ष हेतु नवीनीकरण करने का कष्ट करें। इस सम्बंध में प्रार्थी ने लाइसेंस शुल्क नगर निगम में जमा कर दिया है जिसकी रसीद की एक प्रति इस आवेदन के साथ संलग्न है।

1. नियम एवं शर्तें :—

(1) तम्बाकू विक्रेताओं का पंजीकरण एक वर्ष के लिए ही मान्य होगा। तत्पश्चात् लाईसेंस का नवीनीकरण कराना अनिवार्य होगा। बिना लाईसेंस के तम्बाकू उत्पाद नहीं बेचे जायेंगे।

(2) पंजीकृत दुकानदार सिर्फ और सिर्फ तम्बाकू उत्पादों की ही बिक्री करेगा।

(3) एक व्यक्ति एक लाईसेंस की प्रक्रिया अपनायी जायेगी। दिया गया लाईसेंस अस्थानान्तरणीय होगा।

(4) एक लाईसेंस एक दुकान के लिये ही मान्य होगा।

(5) किन्हीं परिस्थितियों में केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, माननीय न्यायालय, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम अथवा अन्य विभागों के द्वारा जारी नियम और कानून में कोई परिवर्तन अथवा संशोधन अथवा उसके दिशा-निर्देश का अनुपालन पंजीकृत दुकानदारों द्वारा अनिवार्य होगा।

(6) तम्बाकू उत्पाद की बिक्री हेतु देय लाईसेंस के नियमों के उल्लंघन होने की स्थिति में लाईसेंस धारक को पहले संबंधित अधिकारी द्वारा चेतावनी दे दी जायेगी। लाईसेंस धारक द्वारा उल्लंघन जारी रखने पर नगर निगम मुरादाबाद द्वारा निलंबन कार्यवाही की जायेगी। फिर भी उल्लंघन जारी रखने की दशा में लाईसेंस रद्द किया जा सकता है। एक बार लाईसेंस रद्द होने पर दोबारा लाईसेंस होने की प्रक्रिया पर विचार नही किया जायेगा।

(7) लाईसेंस धारक विक्रेता केवल भारतीय तम्बाकू उत्पादों जिस पर सचित्र चेतावनी अंकित होगी एवं भारत सरकार के आयात नियमों के अन्तर्गत आयातित तम्बाकू उत्पादों, की ही बिक्री करेगा।

स्थान :
दिनांक :

प्रार्थी के हस्ताक्षर

ह0 (अस्पष्ट)
नगर आयुक्त,
नगर निगम, मुरादाबाद।

कार्यालय, नगर पालिका परिषद समथर (झांसी)

29 जुलाई, 2022

सं0 192/न0पा0परि0समथर/उपविधि/2022-23—उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नगरपालिका परिषद् समथर, झांसी के द्वारा सीमान्तर्गत निवासियों के स्वास्थ्य सुरक्षा और सुविधा की अभिवृद्धि या उनके अनुरक्षण के प्रयोजनार्थ और इस अधिनियम के अधीन विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2021 प्रस्तावित करती है। उपरोक्त नियमावली को धारा 301 के अन्तर्गत प्रकाशन के पश्चात् किसी बिन्दु या सभी बिन्दुओं पर किसी व्यक्ति समूह को आपत्ति हो या सुझाव हो तो अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव उपरोक्त नियमावली के प्रकाशन तिथि के 30 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। उपरोक्त निर्धारित अवधि के बाद किसी आपत्ति एवं सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा नगरपालिका परिषद् समथर द्वारा उक्त विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली के प्रकाशन के उपरान्त जो भी आपत्तियां एवं सुझाव प्राप्त होंगे, उन आपत्तियों एवं सुझावों पर गहन विचार विमर्श करने के उपरान्त नियमानुसार उन आपत्तियों का निस्तारण करके अन्तिम रूप प्रदान करने के पश्चात् उक्त ''विविधकर (शुल्क) उपविधि'' कहलायेगी। यदि पूर्व में इस सम्बन्ध में कोई भी उपविधि लागू है तो उसे निरस्त समझा जाये। यह उपविधि गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

" विविधकर शुल्क उपविधि " नियमावली, 2021

उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 जो नगरपालिका परिषद् पर प्रवृत्त है, के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नगरपालिका परिषद् समथर, झांसी में यह उपविधि विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2021 कहलायेगी, जिसका विवरण निम्नानुसार है—

1—विविधकर शुल्क की दरें—

(1) नकल शुल्क तत्काल बनवाये जाने पर रु0 150.00 प्रति नकल, सामान्य नकल रु0 100.00 प्रति नकल।

(2) अनापत्ति प्रमाण-पत्र शुल्क रु0 200.00 प्रति प्रमाण-पत्र।

(3) अन्य प्रमाण-पत्र शुल्क रु0 100.00 प्रति प्रमाण-पत्र।

(4) रिकार्ड मुआयना शुल्क रु0 100.00 प्रति प्रकरण।

(5) सार्वजनिक जगह पर गन्दगी फैलाने पर दण्ड शुल्क रु0 200.00।

(6) सार्वजनिक जगह पर गन्दगी फैलाने की पुनरावृत्ति करने पर दण्ड शुल्क रु0 500.00।

(7) सड़क किनारे मलवा डालने जैसे-निर्माण सामग्री, सड़क भाग फुटपाथ नाली के ऊपर अतिक्रमण करने पर दण्ड शुल्क रु0 500.00, प्रति करण पुनरावृत्ति करने पर रु0 1,000.00।

(8) 50 माईक्रॉन से कम पॉलीथीन का प्रयोग करने पर दण्ड शुल्क रु0 100.00, पुनरावृत्ति करने पर पैनाल्टी (दण्ड शुल्क) रु0 500.00।

(9) वाटर टैंकर पालिका सीमान्तर्गत (व्यक्तिगत घरेलू उपयोग हेतु) शुल्क रु0 400.00 प्रति टैंकर।

(10) वाटर टैंकर उपयोग (पालिका सीमान्तर्गत) व्यावसायिक कार्य हेतु शुल्क रु0 800.00 प्रति टैंकर प्रति चक्कर एवं रु0 200.00 रजि0 अतिरिक्त शुल्क लगेगा।

(11) किसी जे0सी0बी0 मशीन किराये पर उपयोग हेतु पालिका सीमान्तर्गत शुल्क रु0 1,000.00 प्रति घण्टा। विशेष परिस्थिति में पालिका सीमा के बाहर 05 किमी0 तक किराये पर लेने पर डीजल का अतिरिक्त शुल्क लिया जायेगा।

(12) सीवर टैंक की सफाई हेतु सीवर सेक्शन मशीन पालिका सीमान्तर्गत शुल्क रु0 3,000.00 प्रथम चक्कर, पुनः उपयोग हेतु शुल्क रु0 2,500.00 प्रति चक्कर।

(13) पालिका सीमान्तर्गत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन नगर पालिका परिषद् समथर द्वारा अनुबन्धित संस्था को देने पर यूजर चार्ज के रूप में आवासीय प्रत्येक घर से शुल्क रु0 30.00 प्रति माह, गेस्ट हाऊस/बारात घर शुल्क रु0 1,000.00 प्रति माह बुकिंग होगा।

(14) सभी प्रकार के घरेलू पालतू जानवर खुला छोड़ने अथवा पकड़े जाने पर शुल्क रु0 500.00 प्रति दिन दुबारा पकड़े जाने पर शुल्क रु0 1,000.00 जमा करना होगा।

(15) नगर पालिका की सीमा स्थित मकान में निजी समरसेबिल पम्प लगाने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र हेतु शुल्क रु0 2,000.00 व्यावसायिक भवन में शुल्क रु0 5,000.00।

(16) नगर पालिका सीमान्तर्गत भवन निर्माण मानचित्र स्वीकृति हेतु निम्न प्रकार से शुल्क देय होगा–

(क) आवासीय भवन हेतु रु0 70.00 प्रति वर्गमीटर की दर से देय होगा।

(ख) अनावासीय भवन/क्षेत्र हेतु रु0 120.00 प्रति वर्गमीटर की दर से देय होगा।

(ग) व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स/होटल/बारात घर हेतु रु0 150.00 प्रति वर्गमीटर की दर से देय होगा।

(घ) श्रम विभाग उ0प्र0 के अर्ध शा0 प0 संख्या 3056 दिनांक 20 जून, 2016 के द्वारा निर्गत पत्र क्रम में नियमतः 10 लाख से अधिक निजी आवासीय/अनावासीय भवनों एवं अन्य निर्माणों (लागत की सीमा निर्धारित नहीं है) के मानचित्र स्वीकृत करते समय 1 प्रतिशत के समतुल्य उपकर की धनराशि जमा करना होगा।

2–**नामान्तरण शुल्क**–

1–विरासतन/रजिस्टर्ड वसीयत/न्यायालय निर्णय/रजिस्टर्ड दान-पत्र के आधार पर नामान्तण शुल्क मय प्रकाशन रु0 1,000.00–

(1) रु0 01 से रु0 99,999 बाजारू मालियत बैनामा नामान्तरण शुल्क रु0 1,000.00।

(2) रु0 1,00,000 से रु0 2,99,999 बाजारू मालियत बैनामा नामान्तरण शुल्क रु0 2,000.00।

(3) रु0 3,00,000 से रु0 5,99,999 बाजारू मालियत बैनामा नामान्तरण शुल्क रु0 3,000.00।

(4) रु0 6,00,000 से रु0 14,99,999 बाजारू मालियत बैनामा नामान्तरण शुल्क रु0 6,000.00।

(5) रु0 15,00,000 से अधिक बाजारू मालियत बैनामा नामान्तरण शुल्क रु0 10,000.00।

(6) नगरपालिका समथर की अपनी सम्पत्ति/जायजाद/दुकानों के सम्बन्ध में निर्धारित शुल्क देय होगा।

(क) नामान्तरण शुल्क रु0 50,000,00 प्रति प्रकरण।

(ख) पुर्ननिर्माण शुल्क रु0 25,000,00 प्रति प्रकरण।

(ग) ऊपरी मंजिल पर निर्माण शुल्क रु0 50,000.00 प्रति प्रकरण।

(घ) ऊपर अंकित विभिन्न स्वीकृत पर पूर्व किराये में 50 प्रतिशत की वृद्धि अन्य स्थिति में किराये में वृद्धि दो गुनी से अधिक भी की जा सकती है।

(ङ) सामान्यतः किराये में प्रत्येक दो वर्षों में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी।

3–**पार्किंग शुल्क**–

नगरपालिका सीमान्तर्गत पार्किंग ठेका/पार्किंग शुल्क की दरें–

(1) साईकिल रु0 5.00 प्रति साईकिल प्रतिदिन स्टैण्ड पर रखने पर।

(2) दो पहिया वाहन स्कूटर/मोटर साईकिल इत्यादि रु0 10.00 प्रति वाहन स्टैण्ड पर रखने पर।

(3) चार पहिया (फोर व्हीलर) वाहन, कार इत्यादि रु0 20.00 प्रति वाहन स्टैण्ड पर रखने पर प्रतिदिन

(4) तीन पहिया वाहन, मोटर चलित विक्रम, थ्री-व्हीलर, अप्पे आदि ट्रैक्टर ट्राली सहित वाहन रु0 15.00 प्रति वाहन प्रतिदिन।

(5) चार पहिया वाहन, मोटर चलित वाहन (मेटाडोर, मिनी बस, हल्के वाहन) रु0 30.00 प्रति वाहन प्रतिदिन।

(6) बड़े वाहन बस/ट्रक इत्यादि रु0 50.00 प्रति वाहन प्रतिदिन।

4–**विज्ञापन पर कर**–

सचिव उ0प्र0 शासन, नगर विकास अनुभाग-9 शासनादेश संख्या 618/नौ-9-2012-277ज/2011, दिनांक 05 अप्रैल, 2012 के द्वारा विज्ञापन/प्रचार के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश।

(क) विज्ञापन एवं विज्ञापन पट्ट के लिये ऐसे स्थल चिन्हित किये जायेंगे जो प्रत्येक स्थिति में निरापद, निर्बाध, आवागमन और सुगम यातायात के लिये सर्वथा उपर्युक्त हो।

(ख) विज्ञापन पट्टों की सुदृढ़ता प्रत्येक दशा में सुनिश्चित् की जायें, ताकि कोई दुर्घटना ना होने पाये।

(ग) विज्ञापन को वृक्षों, बल्लियों, बांस या लकड़ी से बांधा नहीं जायेगा इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाये कि विज्ञापन के आस-पास कलात्मक सौन्दर्य नष्ट न हो और लोक सम्पत्ति किसी प्रकार विरूपित न हो और न ही नष्ट हो।

(घ) 1–विज्ञापन शुल्क प्रति वर्गफुट रु0 8.00 प्रतिमाह।

2–ग्लोसाइन बोर्ड/साइन बोर्ड/विज्ञापन पट प्रति वर्गफुट रु0 8.00 प्रतिमाह।

3–क्यास/वाल पेन्टिंग प्रति वर्गफुट रु0 8.00 प्रतिमाह।

4–बैनर आदि प्रति वर्गफुट रु0 5.00 प्रतिमाह।

5–यूनीपोल विज्ञापन पट प्रति वर्गफुट रु0 5.00 प्रतिमाह।

6–कैनोपी (छतरी) रु0 200.00 प्रतिदिन।

7–गुब्बारे (एअर वैलून) रु0 200.00 प्रतिदिन।

8–वाहनों पर रु0 100.00 प्रतिदिन।

9–पोस्टर रु0 200.00 प्रति सैकड़ा।

10–पर्चा (हैण्ड बिल) रु0 300.00 प्रति हजार।

11–इलेक्ट्रॉनिक/डिजिटल माध्यम के विज्ञापन प्रति वर्गफुट रू0 10.00 प्रतिमाह।

12–अन्य प्रकार के विज्ञापन की दर ऊपर निर्धारित दरों के सापेक्ष देय होगी।

(ङ) किसी भी विज्ञापन या विज्ञापन पट्ट किसी भी दशा में जनहित व निकायहित के प्रतिकूल ही होने चाहिये और उसमें सम्प्रदर्शित विज्ञापन किसी प्रकार से अशिष्ट, अश्लील, स्वास्थ्य के लिये हानिकारक, किसी भी धर्म अथवा समुदाय की भावनाओं के प्रतिकूल एवं आपत्तिजनक प्रवृत्ति के नहीं होने चाहिये।

5–**डिश एन्टीना शुल्क**–

(1) नगरपालिका परिषद् समथर के सीमान्तर्गत डिश एन्टिना के माध्यम से टी0वी0 प्रसारण किया जाता है, या डिश एन्टिना का व्यवसाय किया जाता है।

(2) प्रत्येक डिश एन्टिना स्वामी/साझेदार पर उनके लिये दिये गये कनेक्शन पर प्रति कनेक्शन शुल्क रु0 20.00 प्रतिमाह लिया जायेगा।

(3) डिश एन्टिना स्वामी माह के अन्तिम सप्ताह में संचालित कनेक्शन की सूची अनिवार्य रूप से पालिका में उपलब्ध करायेगा।

(4) कनेक्शनों की जांच/निरीक्षण पालिका के अधिकृत अधिकारी द्वारा कभी भी किया जा सकता है।

(5) केबिल तार इस प्रकार से लगाया जाये जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना/विद्युत् आपूर्ति में बाधा की समस्या न हो।

6—शहरी फेरी नीति के अन्तर्गत निर्धारित बाजार क्षेत्र में लगाई जाने वाली दुकानों से नगरपालिका परिषद् समथर द्वारा बाजार हेतु चिन्हित दुकानों से रु0 10.00 प्रति बाजार की दर से एवं बड़ी दुकानों से रु0 20.00 प्रतिदिन प्रति बाजार शुल्क वसूली की जायेगी तथा भविष्य में पालिका में वेडिंग जोन/बाजार हेतु चिन्हित होने वाले स्थलों पर भी शहरी फेरी नीति के अन्तर्गत उपरोक्तानुसार शुल्क की दरें प्रभावी मानी जायेगी। शहरी फेरी नीति के अन्तर्गत चिन्हित बाजार क्षेत्र में वसूली या भविष्य में बाजार क्षेत्र हेतु चिन्हित होने वाले अन्य स्थलों पर शुल्क की वसूली सरकारी कर्मियों से सीधे कराई जायेगी या वार्षिक ठेका नीलामी/निविदा के माध्यम से की जायेगी।

7—(क) ठेकेदारी पंजीकरण जमानत धनराशि—

प्रथम श्रेणी ठेकेदार रु0 10,00,000 से अधिक हेतु शुल्क रु0 1,50,000।

द्वितीय श्रेणी रु0 5,00,000 से 9,99,999 तक शुल्क रु0 1,00,000।

तृतीय श्रेणी रु0 1,00,000 से 4,99,999 तक शुल्क रु0 50,000।

चतुर्थ श्रेणी रु0 1,00,000 से कम शुल्क रु0 20,000।

(ख) ठेकेदारी पंजीकरण शुल्क रु0 10,000 जो ठेकेदार को कभी वापस नही होंगे।

(ग) पंजीकरण का नवीनीकरण का वार्षिक शुल्क रु0 5,000.00 जो ठेकेदार को कभी वापिस नहीं होगा। पंजीकरण का नवीनीकरण विलम्ब शुल्क रु0 200.00 प्रतिमाह होगा विशेष परिस्थितियों में पंजीकरण नवीनीकरण शुल्क दो गुना अर्थात् दस हजार प्रति ठेकेदार देय होगा।

नोट—उपरोक्त नगरपालिका परिषद् समथर विविधकर शुल्क उपविधि नियमावली, 2021 उ0प्र0 राज-पत्र में प्रकाशन/मुद्रण की तिथि से प्रभावी होगी। इस उपविधि में उल्लिखित विविधकर शुल्क की दरों में एवं पूर्व प्रकाशित नगरपालिका परिषद् समथर (झांसी) की उपविधि दरों में कोई विरोधाभास हो तो विविधकर शुल्क उपविधि, 2021 में उल्लिखित दरें प्रभावी मानी जायेंगी।

जीतेन्द्र सिंह ''भाईजी'',
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद्,
समथर (झांसी)।

कार्यालय, नगर पंचायत औरास, जनपद उन्नाव

05 सितम्बर, 2022 ई0

सं0 179/सि0 (विधियां) ला0 शुल्क/प्रकाशन/2021—शासनादेश संख्या 2399/नौ-9-94-204 (ज0)/90 न0 वि0 अनु0-9 उ0प्र0 शासन, लखनऊ दिनांक 27 अक्टूबर, 1994, शासनादेश संख्या 2806/नौ-9-94—204 (ज0)/90 न0वि0अनु0-2 उ0प्र0 शासन, लखनऊ दिनांक 31 दिसम्बर, 1994 एवं नगर पंचायत समिति की बैठक दिनांक 22 सितम्बर, 2020 के संकल्प संख्या 05 तथा संयुक्त प्रान्त नगरपालिका अधिनियम, 1916 (सं0प्र0 ऐक्ट संख्या 2, 1916) की धारा 298 के अधीन प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत, औरास ने अपनी सीमा के अन्तर्गत लाइसेंसिंग व अन्य शुल्क सम्बन्धी नियमावली बनायी है। जिसे उक्त ऐक्ट की धारा 301(1) के अन्तर्गत आपत्तियाँ एवं सुझाव आमंत्रित करने हेतु दिनांक 07 अक्टूबर, 2020 से दिनांक 07 नवम्बर, 2020 तक के लिए इस कार्यालय के पत्र संख्या 504/न0पं0औ0/ला0 शुल्क/प्रकाशन/2020 दिनांक 06 अक्टूबर, 2020 के द्वारा दो राष्ट्रीय समाचार-पत्रों "दैनिक जागरण" व दैनिक ''हिन्दुस्तान'' में प्रकाशित किया गया था। उक्त निर्धारित अवधि में कोई भी आपत्तियां इस कार्यालय में प्राप्त नहीं हुई है। तदोपरान्त बोर्ड बैठक दिनांक 22 सितम्बर, 2020 के संकल्प संख्या 05 में सर्वसम्मत से स्वीकृत प्रदान की गयी है। उक्त नियमावली गजट प्रकाशन की तिथि से लागू समझी जाय।

लाइसेंसिंग व अन्य शुल्क सम्बन्धी नियमावली

1—**शीर्षक**—यह नियमावली नगर पंचायत औरास, उन्नाव लाइसेंसिंग व अन्य शुल्क सम्बन्धी नियमावली, वर्ष 2020 कहलायेगी।

2—**प्रकृति**—यह नियमावली उत्तर प्रदेश साधारण गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से या नगर पंचायत समिति/विहित प्राधिकारी की स्वीकृति से सीमा में प्रभावी होगी।

3—**परिभाषायें**—जब तक विषय या प्रसंग से कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में—

(क) ''अधिनियम'' का तात्पर्य संयुक्त प्रान्त नगरपालिका अधिनियम, 1916 (सं0प्र0 एक्ट संख्या 2, 1916) से है।

(ख) ''अधिशासी अधिकारी'' का तात्पर्य नगर पंचायत औरास, जनपद उन्नाव के अधिशासी अधिकारी से है।

(ग) ''बोर्ड'' का तात्पर्य नगर पंचायत औरास, जनपद उन्नाव के बोर्ड से है।

(घ) ''अध्यक्ष'' से तात्पर्य नगर पंचायत औरास, जनपद उन्नाव के अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/ प्रशासक से है।

(ङ) ''नगर पंचायत'' से तात्पर्य नगर पंचायत औरास, जनपद उन्नाव से है।

(च) ''नगर पंचायत की सीमाओं'' से तात्पर्य वर्तमान में निर्धारित सीमायें या भविष्य में बढ़ने से निर्धारित होकर प्रभावी होने वाली सीमा से है।

(छ) ''लाइसेंसिग अधिकारी'' से तात्पर्य नगर पंचायत औरास, जनपद उन्नाव के अधिशासी अधिकारी से है।

4–कोई भी दुकान व अन्य व्यवसाय नियम के अन्तर्गत लाइसेंस प्राप्त किये बिना नहीं चला सकेगा और उपनियम के लागू होने के पूर्व से चल रही समस्त व्यवसायों के लाइसेंस उपनियम के अन्तर्गत प्राप्त करना आवश्यक होगा।

5–लाइसेंस की अवधि 01 अप्रैल से 31 मार्च तक एक वर्ष के लिए होगी।

6–प्रत्येक व्यक्ति/व्यवसायी के लिए आवश्यक होगा कि निम्नलिखित तालिका में निर्धारित की गई धनराशि शुल्क के रूप में अदा करके लाइसेंस प्राप्त कर लेवें।

7–लाइसेंस प्राप्त करने के लिए अपेक्षित धनराशि लाइसेंस प्राप्तकर्ता नगर पंचायत, औरास कार्यालय में जमा कर सकता है अथवा अधिकृत कर्मचारी को भुगतान करके रसीद प्राप्त कर सकता है। प्रत्येक दुकानदार व अन्य के लिए आवश्यक है कि वह राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बाटों व मापों का प्रयोग करेंगे।

8–केन्द्र या राज्य सरकार या अन्य कोई विधि निहित संस्था के द्वारा तालिका में उल्लिखित व्यवसायों के नियंत्रण हेतु लाइसेंस से भिन्न होगा।

9–ऐसा कोई व्यक्ति जो किसी छूत की बीमारी से पीड़ित है, उल्लिखित तालिका में वर्णित व्यवसाय नहीं करेगा। ऐसा किसी उल्लिखित व्यवसाय में सहायक अथवा नौकर भी नहीं रखा जायेगा।

10–नगर पंचायत प्रशासक/अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी/अधिकृत कर्मचारी किसी समय भी दुकान के लाइसेंस का निरीक्षण कर सकते हैं और प्रत्येक दुकान के अन्दर आवश्यक स्थिति में प्रवेश के लिए अधिकृत होगा।

11–अधिशासी अधिकारी अथवा अधिकृत कर्मचारी लाइसेंस निर्गत कर सकता है।

12–जो शुल्क इस तालिका में नहीं है उसे संबंधित व्यवसाय के समकक्ष व्यवसाय मानकर उसी के अनुरूप लाइसेंस शुल्क लिया जायेगा।

13–इस उपनियम के प्रभावी होते ही पूर्व प्रभावी लाइसेंस उपनियमावली की शुल्कों की दरें निरस्त हो जायेगी।

14–वाहनों के लाइसेंस न होने पर अथवा चेकिंग में पकड़े जाने पर वाहन जमा कराकर उसे अधिकृत कर्मचारी रसीद दे देंगे तथा जानवर वाली गाड़ियों के जानवर भी बन्द किया जा सकता है।

15–शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेशों के अनुसार उपनियमावली उस सीमा तक संशोधित समझी जायेगी।

16–नगर पंचायत समिति यदि आवश्यक समझे तो नीलामी/निविदा के आधार पर लाइसेंस शुल्क की वसूली इन्हीं शर्तो के अधीन या जैसा समिति निर्धारित करें, करा सकती है।

वार्षिक दरें निम्नवत होगीः–

क्र0स0	मद	निकाय द्वारा निर्धारित वार्षिक लाइसेंस की दरें
1	2	3
		रु0
अ–होटल रेस्टोरेन्ट–		
(1)	होटल लाजिंग तथा गेस्ट हाउस 10 शैय्या तक	670.00
(2)	होटल लाजिंग तथा गेस्ट हाउस 11 से 20 शैय्या तक	2,000.00
(3)	एक सितारा होटल अथवा बिना स्टार 20 शैय्यों से ऊपर तथा 30 शैय्या तक	4,000.00
(4)	31 शैय्या से 40 शैय्या तक	4,670.00
(5)	41 शैय्या से 50 शैय्या तक	5,335.00
(6)	50 शैय्या से ऊपर	6,000.00
(7)	3 सितारा होटल	6,000.00
(8)	5 सितारा होटल	8,000.00
(9)	रेस्टोरेन्ट	400.00-1,200.00

1	2	3
		रु0
ब–नर्सिंग होम–		
(1)	नर्सिंग होम (20 बेड तक)	1,335.00
(2)	नर्सिंग होम (20 बेड से ऊपर) (35.00 प्रतिबेड)	3,335.00
(3)	प्रसूति गृह (20 बेड तक)	2,670.00
(4)	प्रसूति गृह (20 बेड के ऊपर)	3,335.00
(5)	प्राइवेट अस्पताल	3,335.00
(6)	पैथालॉजी सेन्टर	670.00
(7)	एक्सरे क्लीनिक	1,335.00
(8)	डेन्टल क्लीनिक	1,335.00-2,670.00
(9)	प्राइवेट क्लीनिक	670.00-2,000.00
स–परिवहन–		
(1)	ट्रान्सपोर्ट (बिना वाहन के एजेन्सी)	2,400.00
(2)	ट्रान्सपोर्ट (वाहन सहित एजेन्सी)	4,800.00
(3)	आटोरिक्शा 2 सीटर	240.00
(4)	आटोरिक्शा 7 सीटर (टैम्पो)	480.00
(5)	आटोरिक्शा 4 सीटर	335.00
(6)	मिनी बस	1,000.00
(7)	बस	1,670.00
(8)	तांगा/खड़खड़ा	35.00
(9)	रिक्शा किराये पर	100.00
(10)	रिक्शा (निजी चालित)	50.00
(11)	ठेला/ठेली	70.00
(12)	हाथ ठेला	20.00
(13)	बैलगाड़ी/भैसागाड़ी	20.00
(14)	ट्रेक्टर/ट्राली	100.00
(15)	अन्य चार पहियों के वाहन (व्यापारिक प्रयोग हेतु सभी वाहन)	670.00
(16)	मोटर गैरेज	800.00-2,400.00
(17)	स्कूटर गैरेज/रिपेयरिंग शॉप	335.00-1,000.00
(18)	मोटर वाहन एजेन्सी (सेल्स सर्विस)	3,335.00-6,670.00
(19)	स्कूटर एजेन्सी (2 पहिया 3 पहिया)	1,670.00-3,335.00
(20)	साइकिल की दुकान/साइकिल मरम्मत	335.00-670.00
द–पेट्रोलियम–		
(1)	दुकान मिट्टी का तेल 100 गैलन तक	35.00
(2)	दुकान मिटटी का तेल 300 गैलन तक	70.00
(3)	दुकान मिट्टी का तेल 500 गैलन तक	135.00
(4)	पेट्रोल पम्प/डीजल पम्प फुटकर	2,000.00
(5)	पेट्रोल पम्प डीजल थोक (आयल कम्पनी)	4,000.00
(6)	जनरेटर डीजल सेट (किराये पर)	800.00
(7)	दुकान अन्य पेट्रोलियम उत्पादन	800.00
य–अन्य व्यवसाय–		
(1)	आटा चक्की (स्पेलर/थालसर) धान मशीन व अन्य फैक्ट्री	335.00
(2)	धुलाई गृह (लान्ड्री)	335.00
(3)	ड्राइ क्लीनर्स	670.00-1,670.00
(4)	साबुन फैक्ट्री	1,000.00
(5)	आइसक्रीम फैक्ट्री तथा कोल्ड ड्रिन्क, सोडा, ऐस्टेड वाटर फैक्ट्री	1,000.00
(6)	गुड़ गोदाम	800.00
(7)	कंकड़ तथा सुर्खी का भट्ठा	3,335.00-5,000.00
(8)	चूना	335.00

1	2	3
		रु0
(9)	ईट का भट्ठा	5,000.00
(10)	पेठा बनाने का कारखाना	800.00
(11)	जूता बनाने का कारखाना/दुकान	800.00-3,335.00
(12)	लोहा व्यापारी, टिम्बर, सीमेन्ट, ईंट, बालू थोक मोरंग, मार्बल टाइल्स, हार्डवेयर	1,000.00-3,335.00
(13)	बिजली के समान के विक्रेता छोटे/बड़े	335.00-3,335.00
(14)	कपड़ा थोक व्यापारी/फुटकर	470.00-5,000.00
(15)	चाय के थोक विक्रेता/फुटकर	800.00
(16)	नट फैक्ट्री	100.00
(17)	खाल तथा बाल उतारने वालों पर	670.00
(18)	कैटरिंग	670-1,335.00
(19)	बेकरी (पावर)	1,600.00
(20)	बेकरी (भट्ठी)	1,600.00
(21)	हेयर कटिग सैलून	335.00-1,000.00
(22)	ब्यूटी पार्लर	670.00
(23)	कुकिंग गैस एजेन्सी	1,000.00
(24)	जनरल मर्चेन्ट थोक	1,335.00
(25)	टेलरिंग हाउस (5 कर्मचारी)	470.00
(26)	टेलरिंग हाउस(5 कर्मचारी के ऊपर)	2,400.00
(27)	कोयला थोक विक्रेता	3,335.00
(28)	कोयला फुटकर विक्रेता	335.00
(29)	बेड़ा नावें	200.00
(30)	मसाला/पान मसाला कारखाना/फैक्ट्री	3,335.00
(31)	पेन्ट दुकान	670.00
(32)	बड़ी नावें	135.00
(33)	छोटी नावें	70.00
(34)	ज्वेलर्स/सुनार (बड़े) 5 लाख से ऊपर टर्न ओवर	16,665.00
(35)	ज्वेलर्स/सुनार (छोटे) 5 लाख टर्न ओवर से नीचे	8,000.00
(36)	विज्ञापन एजेन्सी	8,000.00
(37)	डेयरी फार्म	670.00
(38)	भूसा (थोक विक्रेता)	670.00
(39)	भूसा (फुटकर विक्रेता)	335.00
(40)	आडियो लाइब्रेरी	200.00
(41)	वीडियो लाइब्रेरी	670.00
(42)	केबिल टी0वी0	800.00
(43)	आर्कीटेक्ट, कन्सलटेन्ट विधि चार्टेड एकाउन्ट कास्ट एकाउन्ट	4,000.00
(44)	फाइनेन्स कम्पनी चिट फण्ड	4,000.00
(45)	इन्शोरेन्स कम्पनी प्रति शाखा	8,000.00
(46)	फाउन्डिग, इंजीनियरिंग, इण्डस्ट्रियल	800.00
(47)	पशु बध स्लाटर हाउस छोटा/बड़ा प्रति पशु	30.00
(48)	सींग गोदाम	335.00
(49)	हड्डी खाल गोदाम	670.00
(50)	अनाज, तिलहन, चीनी, खाण्डसारी (फुटकर विक्रेता)	1,335.00
(51)	अनाज, तिलहन, चीनी, गुड़, खाण्डसारी (थोक विक्रेता)	4,000.00
(52)	बार/बियर	4,000.00
(53)	आइस फैक्ट्री	70.00
(54)	टेन्ट की दुकान (टेन्ट हाउस)	670-3335.00
(55)	दाल, चावल, व बड़ी तेल की मिले (फैक्ट्री)	750-3,300.00

1	2	3
		रु0
र–दुकान–		
(1)	पान की दुकान	70.00-800.00
(2)	चाय की दुकान	70.00-800.00
(3)	जनरल मर्चेन्ट की दुकान (फुटकर)	400.00-800.00
(4)	किताबों की दुकान (थोक)	670.00
(5)	किताबों की दुकान (फुटकर)	335.00
(6)	न्यूज पेपर	335.00
(7)	लकड़ी की टाल की दुकान (थोक विक्रेता)	670.00
(8)	लकड़ी की दुकान (फुटकर)	335.00
(9)	टिम्बर मर्चेन्ट	8,000.00
(10)	रेडियोमैकेनिक/टी0वी0मरम्मत	670.00
(11)	टी0वी0 शाप/इलेक्ट्रानिक वस्तुएं	2,400.00
(12)	फर्टिलाइजर शॉप	800.00
(13)	प्लास्टिक फैक्ट्री	4,000.00
(14)	प्लास्टिक ट्रेडर्स	400-800.00
(15)	मिठाई की दुकान छोटी/बड़ी	335-2,000.00
(16)	चाट/मसाला की दुकान	170-670.00
(17)	ड्राईफ्रूट थोक विक्रेता	800.00
(18)	ड्राइफ्रूट फुटकर विक्रेता	400.00
(19)	गैस फिलिंग प्लान्ट	8,000.00
(20)	सब्जी की दुकान और फल की दुकान	135.00
(21)	बिल्डर्स (रजिस्टर्ड)	3,335.00
(22)	मसाले थोक विक्रेता	3,335.00
(23)	मसाले फुटकर विक्रेता	1,335.00
(24)	देशी शराब प्रति दुकान	4,000.00
(25)	विदेशी शराब प्रति दुकान	8,000.00
(26)	भैंसा मांस की दुकान	200.00
(27)	बकरा/बकरी आदि मांस की दुकान/मछली की दुकान	400.00
(28)	फर्नीचर की दुकान, शोरूम	3,335.00
(29)	फर्नीचर विक्रेता	1,670.00
(30)	क्राकरी विक्रेता फुटकर/थोक	335-1,670.00
(31)	चूड़ी विक्रेता	70-335.00
ल–पशुपालन–		
(1)	प्रति जुर्माना कांजी हाउस में बन्द (छोटे/बड़े पशु)	235.00
(2)	काजी हाउस में बन्द खुराक प्रतिदिन छोटे जानवर (बकरी आदि)	50.00
(3)	प्रति खुराक बड़े जानवर (गाय, भैंस घोड़े आदि)	100.00
(4)	प्रति पशु प्रतिदिन (साफ-सफाई व्यवस्था)	50.00

विलम्ब शुल्क–सभी दुकानों व कारखानों पर प्रतिमाह रु0 50.00 (पचास रुपया मात्र) विलम्ब शुल्क देय होगा।

शास्ति

संयुक्त प्रान्त नगरपालिका अधिनियम, 1916 (सं0प्र0 ऐक्ट संख्या 2, 1916) की धारा 299 (1) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत औरास, जनपद उन्नाव यह निर्देश देती है कि उपरोक्त नियमों के किसी अनुच्छेद का उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड किया जायेगा। जो रु0 1,000.00 (रुपये एक हजार मात्र) तक हो सकता है। यदि उल्लंघननिरन्तर जारी रहे तो प्रत्येक दिन के लिए जिसके बारे में सिद्ध हो जाये कि अपराधी अपराध करता चला आ रहा है तो रु0 25.00 (रुपया पच्चीस मात्र) अर्थदण्ड प्रतिदिन उपरोक्त के अतिरिक्त किया जायेगा। अर्थदण्ड अदा न करने पर 6 मास का कारावास का दण्ड दिया जा सकेगा।

राकेश कुमार,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत, औरास,
उन्नाव।

कार्यालय, नगर पंचायत औरास, जनपद उन्नाव

05 सितम्बर, 2022 ई0

सं0 180/सि0(विधियां), विज्ञा0कर/प्रकाशन/2021—संयुक्त प्रान्त नगर पालिका अधिनियम, 1916 (सं0प्र0 ऐक्ट संख्या 2, 1916) की धारा 298(2) के अधीन प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत औरास की समिति बैठक दिनांकः 22 सितम्बर, 2020 के संकल्प संख्या 06 के अन्तर्गत ने अपनी सीमा के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए साइन बोर्ड/ग्लो साइन बोर्ड/होर्डिंग/बैनर/वाल पेन्टिंग/कटआउट/बोर्ड पोस्टर पर कर रोपड़ के उद्देश्य ''विज्ञापन कर'' नियमावली बनायी है, जिससे उक्त एक्ट की धारा 301 (1) के अन्तर्गत आपत्तियाँ एवं सुझाव आमंत्रित करने हेतु दिनांक 07 अक्टूबर, 2020 से दिनांक 07 नवम्बर, 2020 तक के लिए इस कार्यालय के पत्र संख्या 505/न0पंऔ0/विज्ञा0कर/प्रकाशन/2020 दिनांक 06 अक्टूबर, 2020 के द्वारा दो राष्ट्रीय समाचार-पत्रों "दैनिक जागरण" व दैनिक "हिन्दुस्तान" में प्रकाशित किया गया था। उक्त निर्धारित अवधि में कोई भी आपत्तियां इस कार्यालय में प्राप्त नही हुई हैं। तद्पोरान्त बोर्ड बैठक दिनांक 22 सितम्बर, 2020 के संकल्प संख्या 06 में सर्वसम्मत से स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त नियमावली गजट प्रकाशन की तिथि से लागू समझी जाय।

नियमावली

1—**शीर्षक**—यह नियमावली नगर पंचायत औरास, उन्नाव ''विज्ञापन कर'' नियमावली, वर्ष 2020 कहलायेगी।

2—**प्रकृति**—यह नियमावली उत्तर प्रदेश साधारण गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से या नगर पंचायत समिति/विहित प्राधिकारी की स्वीकृति से सीमा में प्रभावी होगी।

3—**परिभाषायें**—जब तक विषय या प्रसंग से कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में—

(क) ''अधिनियम'' का तात्पर्य संयुक्त प्रान्त नगरपालिका अधिनियम, 1916 (सं0प्र0 एक्ट संख्या 2, 1916) से है।

(ख) ''अधिशासी अधिकारी'' का तात्पर्य नगर पंचायत औरास, जनपद उन्नाव के अधिशासी अधिकारी से है।

(ग) ''बोर्ड'' का तात्पर्य नगर पंचायत औरास, जनपद उन्नाव के बोर्ड से है।

(घ) ''अध्यक्ष'' से तात्पर्य नगर पंचायत औरास, जनपद उन्नाव के अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/ प्रशासक से है।

(ङ) ''नगर पंचायत'' से तात्पर्य नगर पंचायत औरास, जनपद उन्नाव से है।

(च) ''नगर पंचायत की सीमाओं'' से तात्पर्य वर्तमान में निर्धारित सीमायें या भविष्य में बढ़ने से निर्धारित होकर प्रभावी होने वाली सीमा से है।

(छ) ''विज्ञापन'' से तात्पर्य किसी ऐसे पत्र, पत्रांक, सूचना पोस्टर, कपड़े के बैनर, कागज के छोटे पोस्टर चिपकाने वाले, साइन बोर्ड या अन्य किसी ऐसे पक्ष से है जो विज्ञापन के लिये प्रस्तुत की गई है जिससे स्टेनसिल के छापे/लिखे हुये या रंगीन तथा वे तस्वीरें और रेखा चित्र भी सम्मिलित हैं जो इस हेतु बनाये गये हैं।

(ज) ''भवन'' से तात्पर्य घर, दुकान या छप्पर अथवा अन्य छत्तेदार निर्माण चाहे वे किसी भी विधि से बनायी गयी हो तथा इसके प्रत्येक भाग, जिसमें बाहरी दीवारों घेरा या भवन के किसी भाग से है, जिसमें विज्ञापन प्रदर्शित किया गया है।

(झ) ''व्यक्ति'' में वे सभी सम्मिलित हैं जो विज्ञापन कार्य करने के लिये नियुक्त किये तथा फर्मों या कम्पनी/कम्पनी मालिक, स्वामी प्रतिनिधि, साझेदार या प्रबंधक आदि जिनके लिये विज्ञापन प्रदर्शित किया गया हो।

4—कोई भी व्यक्ति नगर पंचायत, औरास की सीमा के भीतर किसी स्थान या भवन पर अथवा वाहन पर कोई विज्ञापन जिसका उल्लेख ऊपर नियमावली में किया गया है प्रदर्शित करने, जनता का ध्यान आकर्षित करने के लिये बिना अधिशासी अधिकारी के पूर्व स्वीकृति प्राप्त किये न ही लगवायेगा और न लगवाने का अधिकारी है।

5—नगर पंचायत, औरास की सीमा के भीतर किसी स्थान के उपयोग की आज्ञा प्राप्त करने के लिये आवेदन-पत्र निश्चित स्थान, घर के दो स्पष्ट मानचित्रों में प्रदर्शित की जाने वाली सामग्री या बनाये जाने वाली तस्वीर की प्रतियां, विज्ञापन का आकार तथा जिनसे समय के लिये आज्ञा मांगी गयी हो इस उल्लेख के साथ अधिशासी अधिकारी को प्रस्तुत की जानी चाहिये जो उसमें तथा स्थान उपयुक्तता आदि को देखते हुये अशिष्टता, उत्तेजनात्मकता तथा दृष्टिकोण से विज्ञापन के आपत्तिजनक चरित्र की जांच करने के पश्चात् लिखित जाँच-पड़ताल करके अस्वीकृत आवेदन-पत्रों पर अस्वीकृति के कारण अंकित किये जायेंगे।

6—अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि यह अपने द्वारा किसी स्वीकृत आज्ञा को जनहित में रद्द कर दे या काट दें या रोक दें ऐसी दशा में शुल्क का यथोचित भाग उनके द्वारा वापस किया जायेगा।

7—नगर पंचायत, औरास की सीमा के भीतर अनाधिकृत विज्ञापन लगाने पर अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह उस व्यक्ति के खर्चे पर हटा दें और इस प्रकार किया गया व्यय नगरपालिका अधिनियम के अध्याय-6 के अन्तर्गत उस

व्यक्ति या फर्म से वसूल कर लिया जावेगा जिसके लिये या जिसका विज्ञापन करने के लिये यह लगवाया गया था। यदि विज्ञापन हटाये जाने की तिथि से एक माह के अन्दर न छुड़वाया जाये तो अधिशासी अधिकारी संबंधित लोगों को इसके लिये सूचना देकर ऐसे विज्ञापनों को नीलाम कर सकेंगे।

8–उपरोक्त नियम पांच के अन्तर्गत निर्धारित शुल्क निम्न पर देय नहीं होगा–

(क) ऐसे विज्ञापन जो सरकारी अथवा अर्द्धसरकारी संस्थाओं के कार्यों हेतु प्राधिकृत अधिकारी द्वारा करवाये या लगवाये जाये।

(ख) ऐसा साइनबोर्ड जो संबंधित दुकान/मकान के नाम की सूचना देता हो।

(ग) सामाजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक विज्ञापन।

9–**दर/शुल्क**–इन नियमों के अन्तर्गत प्रत्येक आज्ञा के स्वीकार किये जाने पर लिखित शुल्क अग्रिम जमा करना होगा–

क्रं0सं0	विवरण	आकार	वार्षिक कर	मासिक कर	दैनिक कर
			रु0	रु0	रु0
1	साइन बोर्ड/ग्लो साइन बोर्ड/बोर्ड/होर्डिंग	18'×8'	1,000.00	100.00	4.00
	ग्लोसाइन बोर्ड उन बोर्ड को कहा जायेगा जो अन्दर की	8'×6'	750.00	75.00	3.00
	ओर से विद्युत प्रकाशित हो या इलेक्ट्रानिक डिवाइस के	8'×4'	500.00	50.00	2.00
	माध्यम से प्रकाशित हो, दुकानों/ प्रतिष्ठानों पर लगे साइन बोर्ड/ग्लो साइन बोर्ड पर नियमावली लागू नहीं होगी जिस पर दुकानदारों का नाम लिखा हो।	3'×2'	400.00	40.00	1.50
2	वाल पेन्टिग	3'×2'	300.00	100.00	2.00
3	टी गार्ड	यूनिट	100.00	50.00	2.00
4	बैनर	यूनिट	100.00	50.00	2.00
5	रेलिंग पर (नगर पंचायत की जो प्रस्तावित है)	यूनिट	100.00	20.00	2.00

साइन बोर्ड का आकार 10'×3' से बड़ा नहीं होगा। कपड़े के बैनर की चौड़ाई 21'×3' से अधिक नहीं होगा तथा सड़क के धरातल से 12 फिट के ऊँचाई से कम पर प्रदर्शित नहीं किया जायेगा।

10–यदि नगर पंचायत यह आभास करती है कि प्रदर्शित विज्ञापन नियमावली के विरुद्ध है तो नगर पंचायत उसे हटा देगी।

11–दुकानों के आगे नाम पट्टिका लगे बोर्ड एवं सामाजिक संदेश देने वाले विज्ञापन पर नियमावली लागू नहीं होगी।

12–किसी प्रकार के विज्ञापन जो नगर पंचायत शुल्क जमा कर लगवाने की अनुमति व्यक्तियों/संस्थाओं/कम्पनियों ने प्राप्त कर ली है। ऐसा विज्ञापन नहीं लगवाया जा सकता जो मनुष्यों की भावनाओं को ठेस पहुंचाती हो, दूसरे व्यक्तियों के प्रति घृणा उत्पन्न करती हो या व्यक्तिगत द्वेष से प्रेरित होकर ऐसा कोई उद्बोधन करती हो जो विवाद उत्पन्न कर सकता है।

13–नगर सीमान्तर्गत लगाये गये टी गार्ड/नगरीय शासकीय सम्पत्ति/रेलिंग पर विज्ञापन लगाने से पूर्व यह सिद्ध करना होगा कि वह सद्भाव पूर्ण, आचरणसंग एवं नैतिकतापूर्ण है तथा व्यवसायिक उद्देश्यों से लगाया जा रहा है। उपरोक्त के सम्बन्ध में संख्या निर्धारण का अधिकार अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/प्रशासक नगर पंचायत औरास, उन्नाव में निहित होगा।

14–अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/प्रशासक नगर पंचायत औरास, उन्नाव में यह अधिकार निहित होगा कि प्रस्तावित नियमावली से भिन्न किसी प्रकार के विज्ञापन शुल्क के सम्बन्ध में नियम सम्मत शुल्क का निर्धारण कर सकता है।

15–नगर पंचायत औरास, उन्नाव नगर सीमान्तर्गत विज्ञापन दाता व्यक्तियों/संस्थाओं/कम्पनियों तथा नगर पंचायत के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/प्रशासक नगर पंचायत औरास, उन्नाव का निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा जो अन्तिम होगा।

16–नगर पंचायत/जिला प्रशासन/चुनाव आयोग या राज्य सरकार के द्वारा हटाये गये विज्ञापनों की क्षतिपूर्ति देय न होगी।

17–ग्लो साइन बोर्ड/पेड़ों/विद्युत् पोलों /ट्रान्सफार्मर के खम्भों पर किसी भी दशा में प्रदर्शित नहीं किये जायेंगे। क्यिास्क पट्ट प्रत्येक खम्भे पर दो (आगे/पीछे) से अधिक नहीं लगाये जायेंगे। दो बैनरों के बीच की दूरी 1 फुट अनिवार्य होगी तथा क्रास द रोड बैनर लगाया जाना प्रतिबन्धित है एवं बैनर की साइज 4'1 मीटर से अधिक नहीं होगा।

18–उपरोक्त शर्तो में परिवर्तन-परिवर्धन करने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पंचायत औरास, उन्नाव में निहित होगा।

19–शासन स्तर से समय-समय पर निर्गत शासनादेश मान्य होंगे तथा नियमावली उस सीमा तक संशोधित समझी जायेगी।

शास्ति

संयुक्त प्रान्त नगर पालिका अधिनियम, 1916 (सं0प्र0 ऐक्ट संख्या 2, 1916) की धारा 299 (1) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत औरास, जनपद उन्नाव यह निर्देश देती है कि उपरोक्त नियमों के किसी अनुच्छेद का उल्लघंन करने पर अर्थदण्ड किया जायेगा। जो रु0 1,000.00 (रुपये एक हजार मात्र) तक हो सकता है। यदि निरन्तर जारी रहे तो प्रत्येक दिन के लिए जिसके बारे में सिद्ध हो जाये कि अपराधी अपराध करता चला आ रहा है तो रु0 25.00 (रुपय पच्चीस मात्र) अर्थदण्ड प्रतिदिन उपरोक्त के अतिरिक्त किया जायेगा। अर्थदण्ड अदा न करने पर 6 मास का कारावास का दण्ड दिया जा सकेगा।

राकेश कुमार,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत, औरास,
उन्नाव।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं तान्या कश्यप वैष्णवी सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज 109 महाबीरपुरी के0के0सी0 कालेज के पीछे हैदर कैनाल, चारबाग, लखनऊ की डायरेक्टर हूं। वैष्णवी गार्ड सर्विसेज लखनऊ में 3 पार्टनर क्रमशः तान्या कश्यप, अंशू कश्यप व उमेश कुमार हैं, उमेश कुमार, निवासी सबरी चुंगी के पास गनेशगंज महुअरिया, जिला मिर्जापुर को फर्म से कार्यमुक्त कर दिया गया है इस पार्टनरशिप के स्थान पर दूसरी पार्टनरशिप डीड तैयार हुई है जिसमें खुशी कश्यप को पार्टनरशिप में जोड़ दिया गया है और फर्म का संचालन किया जा रहा है।

तान्या कश्यप,
डायरेक्टर,
वैष्णवी सिक्योरिटी सर्विसेज,
109 महाबीरपुरी, के0के0सी0 कालेज,
के पीछे हैदर कैनाल, चारबाग, लखनऊ।

सूचना

मैं, श्रीमती नौरंगा देवी पत्नी स्व0 भोलानाथ, निवासी ग्राम खांई, (कल्याण शाह का पूरा) तहसील करछना, प्रयागराज, मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम बबिता देवी पत्नी जगदीश तिवारी, निवासी रामपुर, सराय इनायत अंदावा अंकित हो गया है। जो कि पूर्णतः गलत है अन्य पहचान व दस्तावेजों में सही दर्ज है। अतः नौरंगा देवी पत्नी स्व0 भोलानाथ खांई, तहसील करछना, प्रयागराज को सत्य माना व जाना जाये।

नौरंगा देवी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का पहले सौम्या साहनी नाम था। ज्योतिषाचार्य के अनुसार मैंने अपने पुत्र का नाम बदल कर आदित्या साहनी (ADITYA SAHANI) रख दिया है जिससे कि मेरे पुत्र का स्वास्थ्य और भविष्य उज्जवल हो सके। भविष्य में मेरे पुत्र को आदित्य साहनी के नाम से जाना एवं पहचाना जाय।

विशाल साहनी,
पुत्र भोला नाथ।

सूचना

फर्म मेसर्स एम0डी0 ट्रांसपोर्ट कैरियर, रमपुरा, सेन्ट्रल जेल, फतेहगढ़, फर्रूखाबाद में दिनांक 07 सितम्बर, 2022 को श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री तिलक सिंह निवासी 3/147, सेक्टर-3, सुहाग नगर, फर्रूखाबाद सम्मिलित हो गये हैं। दिनांक 07 सितम्बर, 2022 से फर्म में श्रीमती रीता यादव पत्नी श्री यशपाल सिंह नि0 ग्राम रमपुरा, सेन्ट्रल जेल, फतेहगढ़, फर्रूखाबाद उ0प्र0, श्रीमती सरोज यादव पत्नी श्री दृग पाल सिंह नि0 ग्राम रमपुरा, सेन्ट्रल जेल, फतेहगढ़, फर्रूखाबाद, उ0प्र0 एवं श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री तिलक सिंह निवासी 3/147, सेक्टर-3, सुहाग नगर, फर्रूखाबाद पार्टनर हैं।

सरोज यादव,
पार्टनर,
मेसर्स–एम0डी0 ट्रांसपोर्ट कैरियर,
रमपुरा, सेन्ट्रल जेल, फतेहगढ़, फर्रूखाबाद।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेसर्स एम0एन0 बिल्डर्स, MMIG C-8 आशियाना प्रथम कांठ, मुरादाबाद (यू0पी0) जिसकी पंजीकरण सं0 MBD-4107 है। उक्त फर्म के पंजीकरण के समय फर्म में दो पार्टनर मुर्तजा अली एवं श्री नाजिम अली थे। पार्टनर श्री नाजिम अली ने दिनांक 31 मार्च, 2021 को त्याग-पत्र/रिटायरमेन्ट लेकर अपनी साझेदारी समाप्त कर ली है। जिनके स्थान पर दिनांक 01 अप्रैल, 2021 को श्री मोईन अली शामिल हो गये हैं। त्याग-पत्र/रिटायरमेंट लेने वाले पार्टनर की फर्म पर अब कोई लेनदारी/देनदारी नहीं है। उक्त फर्म में अब वर्तमान में दो पार्टनर मुर्तजा अली एवं श्री मोईन अली हैं।

मुर्तजा अली,
मेसर्स एम0एन0 बिल्डर्स,
MMIG C-8 आशियाना प्रथम,
मुरादाबाद, यू0पी0।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेसर्स फोर्ट (इंडिया) इण्टरप्राइजेज, 119/23(नया 119/45), नसीमाबाद, कानपुर नगर के संविधान में दिनांक 01 अप्रैल, 2016 को श्रीमती रूचिरा आनन्द पत्नी श्री कुमार आनन्द अग्रवाल नि0 111-ए/335 अशोक नगर कानपुर सम्मिलित हुई थीं तथा दिनांक 01 अप्रैल, 2017 को श्री अनुपम अग्रवाल पुत्र स्व0 विशंभर दास अग्रवाल नि0 1304 अमांडा-ए, हीरानंदानी मीडोज, ग्लेडिस अल्वारेस रोड, काशीनाथ धाणेकर, ऑडिटोरयम, ठाणे सम्मिलित हो गये हैं तथा दिनांक 01 अप्रैल, 2017 को श्रीमती मनोरमा अग्रवाल पत्नी स्व0 विशम्भर दास नि0 111-ए/335 अशोक नगर,

कानपुर साझीदारी से हट गयी हैं तथा दिनांक 01 अप्रैल, 2021 को श्रीमती अनीता अग्रवाल पत्नी श्री विजयम अग्रवाल नि0 119/23 (नया 119/45), नसीमाबाद, कानपुर नगर सम्मिलित हो गयी हैं तथा दिनांक 01 अप्रैल, 2021 से फर्म में निम्न पार्टनर हैं। श्री विजयम अग्रवाल, श्रीमती संजना अग्रवाल, श्री अनुपम अग्रवाल, श्रीमती रूचिरा आनन्द, श्रीमती अनीता अग्रवाल।

विजयम अग्रवाल,
पार्टनर,
फर्म मेसर्स फोर्ट (इंडिया) इण्टरप्राइजेज,
119/23 (नया 119/45), नसीमाबाद,
कानपुर नगर।

सूचना

फर्म मेसर्स डी0एस0 ट्रांसपोर्ट कैरियर, रमपुरा, सेन्ट्रल जेल, फतेहगढ़, फर्रूखाबाद में दिनांक 07 सितम्बर, 2022 को श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री तिलक सिंह निवासी 3/147, सेक्टर-3, सुहाग नगर, फर्रूखाबाद सम्मिलित हो गये हैं। दिनांक 07 सितम्बर, 2022 से फर्म में श्रीमती रीता यादव पत्नी श्री यशपाल सिंह नि0 ग्राम रमपुरा, सेन्ट्रल जेल, फतेहगढ़, फर्रूखाबाद, उ0प्र0, श्रीमती सरोज यादव पत्नी श्री दृगपाल सिंह नि0 ग्राम रमपुरा, सेन्ट्रल जेल, फतेहगढ़, फर्रूखाबाद, उ0प्र0 एवं श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री तिलक सिंह निवासी 3/147, सेक्टर-3, सुहाग नगर, फर्रूखाबाद पार्टनर हैं।

रीता यादव,
पार्टनर
मेसर्स डी0एस0 ट्रांसपोर्ट कैरियर,
रमपुरा, सेन्ट्रल जेल, फतेहगढ़, फर्रूखाबाद।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स आई0 टी0 एसोसिएट्स, डी-1/2 सेक्टर 22 ट्रांसपोर्ट नगर गिडा सहजनवॉ, जनपद गोरखपुर, उ0प्र0 नामक फर्म में साझेदारी डीड दिनांक 25 फरवरी, 2016 से मकसूद आलम एवं हसन इकबाल जी साझेदार थे। यह की साझेदारी डीड दिनांक 01 सितम्बर, 2016 से हसन इकबाल जी अपना हक और हिस्सा लेकर रिटायर्ड हो गये तथा नसरीन फातिमा, शकील अहमद खान व गुलरेज राना एवं गुलनार फात्मा जी उक्त फर्म में साझेदार के रूप में शामिल हुए थे। यह की साझेदारी डीड दिनांक 01 अप्रैल, 2017 से नसरीन फातिमा उक्त फर्म से रिटायर्ड हो गयीं तथा नौशाद अहमद जी उक्त फर्म में साझेदार के रूप में शामिल हुये थे। यह की साझेदारी डीड दिनांक 01 अप्रैल, 2019 से शकील अहमद खान व गुलरेज राना एवं गुलनार फात्मा जी उक्त फर्म से अपना हक और हिस्सा लेकर रिटायर्ड हो गये हैं। अब उक्त फर्म में क्रमशः नौशाद अहमद एवं मकसूद आलम जी हैं। उक्त फर्म में किसी का कोई लेन-देन बकाया नहीं है।

नौशाद अहमद,
साझेदार
मेसर्स आई0टी0 एसोसिएट्स,
डी-1/2, सेक्टर 22,
ट्रांसपोर्ट नगर गिडा, सहजनवाँ,
जनपद-गोरखपुर, उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है अभिराज गुप्ता सी0बी0एस0ई0 की परीक्षा सन् 2019 में उत्तीर्ण किया है। मेरे हाईस्कूल सह अंक-पत्र में माता का नाम सुभा गुप्ता अंकित है जो त्रुटिपूर्ण है। मेरी माता का सही नाम सुभावती गुप्ता पत्नी अमरदीप गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाये।

अभिराज गुप्ता,
सा0-3/3-के-5 परमहंस नगर,
छोटा लालपुर, पाण्डेयपुर, वाराणसी।

पी0एस0यू0पी0—27 हिन्दी गजट—भाग 8—2022 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक—निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज।